www.prepp.in

prepp Your Personal Exams Guide

# UGC NET PAPER 2 JUNE 24, 2007 SHIFT 1 HISTORY QUESTION PAPER

**D – 0607**

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   - (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   - (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   - (iii) After this verification is over, the Serial No. of the booklet should be entered in the Answer-sheets and the Serial No. of Answer Sheet should be entered on this Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ● (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   - (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   - (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   - (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या उत्तर-पत्रक पर अंकित करें और उत्तर-पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

Prepp
Your Personal Exams Guide

# HISTORY

## PAPER – II

**Note :** This paper contains **fifty** (50) multiple-choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

***Read the passage given below and answer the questions (1 - 5) that follow, based on your understanding of the passage :***

Northwards Indian cultural influence spread through Central Asia to China. Faint and weak contact between China and India was probably made in Mauryan times, if not before, but only when, some 2,000 years ago, the Han Empire began to drive its frontiers towards the Caspian did India and China really meet. Unlike South-East Asia, China did not assimilate Indian ideas in every aspect of her culture, but the whole of the Far East is in India's debt for Buddhism, which helped to mould the distinctive civilizations of China, Korea, Japan and Tibet.

As well as her special gifts to Asia, India has conferred many practical blessings on the world at large; notably rice, cotton, the sugar cane, many spices, the domestic fowl, the game of chess and, most important of all, the decimal system of numeral notation, the invention of an unknown Indian mathematician early in the Christian era. The extent of the spiritual influence of India on the ancient West is much disputed. The heterodox Jewish sect of the Essenes, which probably influenced early Christianity, followed monastic practices in some respects similar to those of Buddhism. Parallels may be traced between a few passages in the New Testament and the Pāli scriptures. Similarities between the teachings of western philosophers and mystics from Pythagoras to Plotinus and those of the Upanisads have frequently been noticed. None of these similarities, however, is close enough to give certainty, especially as we have no evidence that any classical writer had a deep knowledge of Indian religion. We can only say that there was always some contact between the Hellenic world and India, mediated first by the Achaemenid Empire, then by that of the Seleucids, and finally, under the Romans, by the traders of the Indian ocean. Christianity began to spread at the time when this contact was closest. We know that Indian ascetics occasionally visited the West, and that there was a colony of Indian merchants at Alexandria. The possibility of Indian influence on Neo-platonism and early Christianity cannot be ruled out.

1. Which country did not assimilate Indian ideas in every aspect ?

   (A) South-East Asia (B) Tibet

   (C) Japan (D) China

2. How the Indian cultural influence spread to the China ?

   (A) through Central Asia to China (B) during Mauryan times

   (C) through Buddhism (D) due to Han empire

# इतिहास

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

***निम्नलिखित गद्यांश का अध्ययन कीजिए और अपनी क्षमता के आधार पर दिये हुये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।***

उत्तर की ओर भारतीय संस्कृति का प्रभाव मध्य एशिया से होकर चीन में फैला। भारत और चीन के बीच क्षीण सम्पर्क सम्भवत: मौर्यकाल में स्थापित हुआ था। परन्तु लगभग दो हजार वर्ष पूर्व जब हान साम्राज्य अपनी सीमाएँ कैस्पियन सागर की ओर बढ़ाने लगा, तभी वास्तव में भारत एवं चीन का सम्पर्क हुआ। दक्षिण-पूर्व एशिया की भाँति चीन ने भारतीय विचारों को उसकी संस्कृति के प्रत्येक रूप में आत्मसात नहीं किया। परन्तु सम्पूर्ण दूरपूर्व बौद्ध धर्म के लिए भारत का ऋणी है जिसने चीन, कोरिया, जापान और तिब्बत की विशिष्ट सभ्यताओं के निर्माण में सहायता प्रदान की है।

एशिया को विशेष उपहार देने के साथ ही साथ भारत ने सारे संसार को भी अनेक व्यवहारात्मक वरदान दिये हैं - विशेष रूप से चावल, कपास, गन्ना, अनेक मसाले, पालतू मुर्गा-मुर्गी, शतरंज का खेल और इन सबसे अधिक महत्वपूर्ण संख्या सम्बन्धी अंक-विद्या की दशमलव प्रणाली जिसका आविष्कार ईसाई सन् के प्रारम्भ में एक अज्ञात भारतीय गणितज्ञ ने किया था। यह बात अत्यधिक विवादग्रस्त है कि प्राचीन पश्चिम पर भारत का आध्यात्मिक प्रभाव किस सीमा तक था। एसेनीज का नास्तिक यहूदी सम्प्रदाय, जिसने सम्भवत: प्रारम्भ में ईसाई धर्म को प्रभावित किया था, वैराग्य सम्बन्धी अभ्यास करता था जो कुछ-कुछ बौद्ध धर्म से मिलते-जुलते थे। न्यू टेस्टामेण्ट के अवतरणों एवं पाली धर्मग्रन्थों में समानता की खोज की जा सकती है। पश्चिमी दार्शनिकों एवं पाइथागोरस से प्लोटिनस तक के आध्यात्मवादियों तथा उपनिषदों की शिक्षा में थोड़ी-बहुत समानता देखी गयी है। इनमें से कोई भी समानता असंशयात्मक रूप से पर्याप्त नहीं है क्योंकि विशेष रूप से हमारे पास इसका कोई प्रमाण नहीं है कि किसी भी पाश्चात्य शास्त्रीय लेखक को भारतीय धर्म का गहन ज्ञान था। हम केवल यही कह सकते हैं कि यूनानियों का संसार एवं भारत के बीच सदैव कुछ-न-कुछ सम्पर्क रहता था। यह सम्पर्क प्रारम्भ में एचीमेनिड साम्राज्य की मध्यस्थता के कारण, बाद में सिल्यूसिड्स के द्वारा तथा अन्त में रोमन साम्राज्य में भारतीय व्यापारियों द्वारा स्थापित हुआ था। ईसाई धर्म का विस्तार ऐसे समय पर प्रारम्भ हुआ जब यह सम्पर्क अत्यन्त दृढ़ था। हमें ज्ञात है कि भारतीय संन्यासी जब-जब पश्चिम की यात्रा करते रहते थे और एलेक्जेण्ड्रिया में भारतीय व्यापारियों का एक उपनिवेश था। नवप्लेटोनिस्म तथा प्रारम्भिक ईसाई धर्म पर भारतीय प्रभाव की सम्भावना को भी अस्वीकार नहीं किया जा सकता है।

**1.** किस देश ने भारतीय विचारों को पूर्णतया नहीं ग्रहण किया ?

(A) दक्षिण-पूर्व एशिया (B) तिब्बत

(C) जापान (D) चीन

**2.** भारतीय सांस्कृतिक प्रभाव चीन में कैसे फैला ?

(A) मध्य-एशिया से चीन को। (B) मौर्य काल में।

(C) बौद्ध धर्म द्वारा। (D) हान साम्राज्य के कारण।

3. The Jewish sect of the Essenes had borrowed from India :
   - (A) the decimal system in maths
   - (B) the chess game
   - (C) the food-grains
   - (D) the monastic system

4. How the Indian influence penetrated in the Western World ?
   - (A) Through contact between Hellenic World and India
   - (B) By Indian monks
   - (C) By Indian traders
   - (D) By Itinerants

5. The Romans finally were influenced by India :
   - (A) through monks
   - (B) through traders
   - (C) through Itinerants
   - (D) through teachers

6. Which one of the following prehistoric sites has provided evidence for cultivation of Wild and Sown variety of Paddy :
   - (A) Belan
   - (B) Bagor
   - (C) Adamgarh
   - (D) Burzahom

7. What is the main achievement of the Neolithic revolution ?
   - (A) Animal husbandry
   - (B) Agriculture
   - (C) Nomadic life
   - (D) Painting

8. Consider the following statements :
   (1) In Rig Vedic time the King was the absolute monarch.
   (2) Feudalism originated during the Rig Vedic period.
   (3) Purohita was the foremost among the functionaries of the King during the Rig Vedic time.

   Which of the statements given above is/are correct ?
   - (A) (1) and (2)
   - (B) (2) and (3)
   - (C) (1), (2) and (3)
   - (D) (3) only

9. Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

   **Assertion (A)** : The concept of middle path in Buddhism is to destroy all pains in human's life.

   **Reason (R)** : It ends the extreme views.

   In the context of the above two statements which one of the following is correct ?
   - (A) **(A)** is true, but **(R)** is false
   - (B) **(R)** is true, but **(A)** is false
   - (C) Both **(A)** and **(R)** are true
   - (D) Both **(A)** and **(R)** are false

3. एसेनीज का यहूदी सम्प्रदाय ने भारत से ग्रहण किया :

(A) गणित में दशमलव प्रणाली। (B) शतरंज का खेल।
(C) खाद्य-अनाज। (D) यति-जीवन।

4. पश्चिमी विश्व में भारतीय प्रभाव ने किस प्रकार प्रवेश किया?

(A) भारत तथा युनानी जगत के सम्पर्क से। (B) भारतीय भिक्षुओं द्वारा।
(C) भारतीय व्यापारियों द्वारा। (D) घुमन्तू लोगों द्वारा।

5. अन्त में रोम भारत से प्रभावित हुआ :

(A) भिक्षुओं के द्वारा (B) व्यापरियों द्वारा (C) घुमन्तू लोगों द्वारा (D) शिक्षकों द्वारा

6. निम्नांकित किस प्रागैतिहासिक स्थल से धान की जंगली तथा खेती की जाने वाली प्रकार के प्रमाण प्राप्त हुए हैं?

(A) बेलन (B) बगोर (C) आदमगढ़ (D) बुर्जहोम

7. नवपाषाण क्रान्ति की मुख्य उपलब्धि क्या है?

(A) पशुपालन (B) कृषि (C) घुमन्तू जीवन (D) चित्रकला

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(1) ऋग्वैदिक काल में राजा एकछत्र सम्राट था।
(2) ऋग्वैदिक युग में सामंतवाद का जन्म हुआ।
(3) ऋग्वैदिक काल में पुरोहित सबसे महत्वपूर्ण पदाधिकारी था।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है?

(A) (1) और (2) (B) (2) और (3)
(C) (1), (2) और (3) (D) केवल (3)

9. नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को **कथन (A)** कहा गया है और दूसरे को **कारण (R)** :

**कथन (A) :** बौद्ध धर्म में मध्यम मार्ग की अवधारणा मानव-जीवन के समस्त दु:ख को समाप्त करने वाली है।

**कारण (R) :** यह अतिवादी विचार को समाप्त करती है।

उपरोक्त दो वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

(A) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।
(B) **(R)** सही है, परन्तु **(A)** गलत है।
(C) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही है।
(D) **(A)** तथा **(R)** दोनों गलत हैं।

**10.** What was upāvasatha (uposatha) in Buddhist order ?

(A) It was an act of general confession of Buddhist monks when they assembled every fortnight on the evenings of full and new moons

(B) It was the vow taken by the newly admitted monks

(C) It was staying in the Viharas during rains

(D) It was an act of fasting by the monks as punishment

**11.** Who got excavated the rock-cut caves on Nagarjuni hills ?

(A) Chandragupta Maurya (B) Ashoka

(C) Dasharatha (D) Samprati

**12.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A)** : Under Ashoka Mauryan monarchy had taken the shape of military despotism.

**Reason (R)** : Rock Edicts of Ashoka show him as remarking - "All men are my children"

In the context of the above two statements which one of the following is correct ?

(A) **(A)** is correct, but **(R)** is wrong (B) Both **(A)** and **(R)** are correct

(C) **(A)** is wrong, but **(R)** is correct (D) Both **(A)** and **(R)** are wrong

**13.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A)** : Some Yavanas (Greeks) were converted to Vaishnava faith during the reign of the Sungas.

**Reason (R)** : Bhagavata erected a Garuda pillar at Besnagar.

In the context of the above two statements which one of the following is correct ?

(A) **(A)** is correct, but **(R)** is wrong

(B) Both **(A)** and **(R)** are correct, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is wrong, but **(R)** is correct

(D) Both **(A)** and **(R)** are wrong

**14.** The earliest Hindu temple is carved at :

(A) Sonkha (B) Aihole

(C) Deogarh (D) Vidisha

**10.** बौद्ध धर्म में उपावसथ (उपोसथ) क्या था?

(A) पूर्णिमा एवं अमावस्या की सन्ध्या पर बौद्ध भिक्षुओं के समागम में भिक्षुओं द्वारा की गई स्वीकारोक्ति।

(B) नवागत बौद्ध भिक्षुओं की शपथ।

(C) वर्षाकाल में विहारों में निवास।

(D) भिक्षुओं द्वारा दण्ड स्वरूप किया गया उपवास।

**11.** नागार्जुनी पर्वत पर शैल-गुहाओं का उत्खनन किसने करवाया?

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य (B) अशोक

(C) दशरथ (D) सम्प्रति

**12.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को **कथन (A)** कहा गया है और दूसरे को **कारण (R)** :

**कथन (A)** : अशोक के शासन काल में मौर्य राजतन्त्र सैनिक निरंकुशता का स्वरूप धारण कर चुका था।

**कारण (R)** : अशोक ने अपने शिलालेखों में स्वयं के विषय में कहा है : ''समस्त प्रजा मेरी संतान है।''

उपरोक्त दो वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

(A) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(B) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं।

(C) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है।

(D) **(A)** तथा **(R)** दोनों गलत हैं।

**13.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को **कथन (A)** कहा गया है और दूसरे को **कारण (R)** :

**कथन (A)** : शुंगों के शासन काल में कुछ यवनों का वैष्णव मत में धर्म परिवर्तन हुआ।

**कारण (R)** : भागवत ने बेसनगर में एक गरूड़ स्तम्भ स्थापित किया।

उपरोक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

(A) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(B) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है।

(D) **(A)** तथा **(R)** दोनों गलत हैं।

**14.** प्राचीनतम हिन्दू मन्दिर बनाया गया है :

(A) सोंख (B) ऐहोल

(C) देवगढ़ (D) विदिशा

15. Hiuen Tsang visited Kanchi during the rule of which one of the following rulers of Pallava dynasty ?

(A) Mahendra Varman - I (B) Paramesvara Varman - I

(C) Narasimha Varman - I (D) Narasimha Varman - II

16. Match *List I* with *List II* and choose your answer from the codes given below :

| | ***List I*** ***(Inscriptions)*** | | ***List II*** ***(Rulers)*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Bilahari Stone Inscription | (i) | Yasodharman |
| (b) | Mehrauli Pillar Inscription | (ii) | Kharavela |
| (c) | Mandsaur Pillar Inscription | (iii) | Yuvarajadeva |
| (d) | Hathigumpha Inscription | (iv) | Chandra |

***Codes :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

17. Match *List I* with *List II* and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List I*** ***(Authors)*** | | ***List II*** ***(Works)*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Bharavi | (i) | Buddha charita |
| (b) | Ashvaghosha | (ii) | Kiratarjuniyam |
| (c) | Varahamihira | (iii) | Rajatarangini |
| (d) | Kalhana | (iv) | Brihatsamhita |

***Codes :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**15.** ह्वेनसांग ने पल्लव राजवंश के निम्नांकित किसके शासन काल में कांची का भ्रमण किया ?

(A) महेन्द्रवर्मन – प्रथम
(B) परमेश्वरवर्मन – प्रथम
(C) नरसिंहवर्मन – प्रथम
(D) नरसिंहवर्मन – द्वितीय

**16.** **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूट से अपने उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I (अभिलेख)** | | **सूची-II (शासक)** |
|---|---|---|---|
| (a) | बिलहरी प्रस्तर अभिलेख | (i) | यशोधर्मा |
| (b) | मेहरौली स्तम्भ-लेख | (ii) | खारवेल |
| (c) | मन्दसौर स्तम्भ-लेख | (iii) | युवराजदेव |
| (d) | हाथीगुम्फा अभिलेख | (iv) | चन्द्र |

**कूट :**

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**17.** **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I (लेखक)** | | **सूची-II (ग्रन्थ)** |
|---|---|---|---|
| (a) | भारवि | (i) | बुद्ध चरित् |
| (b) | अश्वघोष | (ii) | किरातार्जुनीयम् |
| (c) | वराहमिहिर | (iii) | राजतरंगिणी |
| (d) | कल्हण | (iv) | वृहत्संहिता |

**कूट :**

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**18.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A)** : The Cholas followed the Pallava traditions in temple construction.

**Reason (R)** : They built a number of monolithic temples throughout their kingdom following the Pallava style.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

***Codes :***

(A) **(A)** is correct, but **(R)** is wrong
(B) Both **(A)** and **(R)** are correct
(C) **(A)** is wrong, but **(R)** is correct
(D) Both **(A)** and **(R)** are wrong

**19.** Match ***List I*** with ***List II*** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List I*** | | ***List II*** ***(Period)*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Prithviraja II | (i) | 1110 – 1155 A.D. |
| (b) | Jayasimha Siddharaja | (ii) | 1165 – 1169 A.D. |
| (c) | Govindachandra | (iii) | 1094 – 1143 A.D. |
| (d) | Gangeyadeva | (iv) | 1015 – 1041 A.D. |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**20.** Dhoyi was the court poet of which one of the following rulers of the Sena dynasty of Bengal ?

(A) Hemantasena
(B) Vijayasena
(C) Vallalasena
(D) Lakshmanasena

**21.** Who among the following organized the Chishti Silsilah in Bengal ?

(A) Shaikh Hamid-ud-din
(B) Shaikh Qutub-ud-din Munawwar
(C) Shaikh Siraj-ud-din Usman
(D) Shaikh Shah Wilayat

**18.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को **कथन (A)** कहा गया है और दूसरे को **कारण (R)** :

**कथन (A)** : मंदिर निर्माण में चोलों ने पल्लव परंपराओं का अनुसरण किया।

**कारण (R)** : उन्होंने पल्लव शैली का अनुसरण करते हुए अपने साम्राज्य में अनेक एकाश्म मंदिरों का निर्माण किया।

उपरोक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

***कूट :***

(A) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(B) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं।

(C) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है।

(D) **(A)** तथा **(R)** दोनों गलत हैं।

**19.** **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II (काल)** |
|---|---|---|---|
| (a) | पृथ्वीराज द्वितीय | (i) | 1110-1155 ई. |
| (b) | जयसिंह सिद्धराज | (ii) | 1165-1169 ई. |
| (c) | गोविन्दचन्द्र | (iii) | 1094-1143 ई. |
| (d) | गांगेयदेव | (iv) | 1015-1041 ई. |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**20.** धोयी, बंगाल के सेन वंशीय निम्नांकित किस शासक का राजकवि था?

(A) हेमन्तसेन

(B) विजयसेन

(C) वल्लालसेन

(D) लक्ष्मणसेन

**21.** निम्न में से किसने बंगाल में चिश्ती सिलसिला संगठित किया?

(A) शेख हमीदुद्दीन

(B) शेख कुतुब-उद्-दीन मुनव्वर

(C) शेख सिराज-उद्-दीन उस्मान

(D) शेख शाह विलायत

22. Consider the following group of Bhakti saints who flourished at different points of time in various parts of the country :

(i) The Varkari saints of Maharashtra

(ii) The Virashaiva saints of Karnataka

(iii) The Alwars and Nayanars of the Tamil country

(iv) The Dadupanthis of Rajasthan

Which of the following sequence is chronologically correct ?

(A) (i) (ii) (iii) (iv)

(B) (iii) (i) (ii) (iv)

(C) (iii) (iv) (i) (ii)

(D) (iii) (ii) (i) (iv)

23. Mifta-ul-futuh composed by Amir Khusrav describes :

(A) The meeting between Bughra Khan and Kaikubad

(B) The military campaigns of Jalal-ud-din Khalji

(C) The conquest of Gujrat by Ala-ud-din Khalji

(D) The military campaigns during the reigns of Mubarak Shah

24. Under which Sultan of Delhi the Mongol threat in the North-west reached at its threatening climax ?

(A) Balban (B) Jalaluddin Khalji

(C) Alauddin Khalji (D) Muhammad bin Tughluq

25. Who among the following described Delhi as the largest city in the entire 'Islamic East' ?

(A) Alberuni (B) Amir Khusrav

(C) Ibn Battuta (D) Shms Siraj Afif

26. Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A)** : From the very beginning of the Bahmani kingdom the foreigners wielded considerable influence in the politics of the kingdom.

**Reason (R)** : Bahman Shah did not trust the Deccanis.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

***Codes :***

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true, but **(R)** is false

(D) **(R)** is true, but **(A)** is false

22. देश के विभिन्न भागों तथा कालों में सक्रिय प्रमुख भक्ति-संतों के निम्नलिखित वर्गों पर विचार कीजिए।
 (i) महाराष्ट्र के वारकरी संत
 (ii) कर्नाटक के वीरशैव संत
 (iii) तमिल देष के अलवार एवं नयनार संत
 (iv) राजस्थान के दादोपंथी
 निम्नलिखित में से कौन सी श्रृंखला काल-क्रम के अनुसार सही है?
 (A) (i) (ii) (iii) (iv)
 (B) (iii) (i) (ii) (iv)
 (C) (iii) (iv) (i) (ii)
 (D) (iii) (ii) (i) (iv)

23. अमीर खुसरो द्वारा लिखित मिफ़्ता-उल-फुतूह वर्णन करती है :
 (A) बुग़रा ख़ान एवं कैकुबाद का मिलन
 (B) जलाल-उद्-दीन ख़िलजी के सैनिक अभियान
 (C) अला-उद्-दीन ख़िलजी की गुजरात विजय
 (D) मुबारक शाह के काल के सैनिक अभियान

24. किस दिल्ली सुल्तान के कार्य-काल में उत्तर-पश्चिम में मंगोलो के हमले सबसे अधिक भयावह हो गए थे?
 (A) बल्बन (B) जलालुद्दीन ख़िलजी
 (C) अलाउद्दीन ख़िलजी (D) मुहम्मद बिन तुग़लक़

25. निम्नलिखित में से किसने दिल्ली को 'इस्लामिक पूर्व' का सबसे बड़ा शहर कहा है?
 (A) अलबेरूनी (B) अमीर खुसरो
 (C) इब्न बतूता (D) शम्स सिराज अफ़ीफ

26. नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं। एक को **कथन (A)** कहा गया है और दूसरे को **कारण (R)** :
 **कथन (A) :** बहमणी राज्य के प्रारंभिक समय से ही विदेशियों का राज्य की राजनीति में अत्यधिक प्रभाव था।
 **कारण (R) :** बहमण शाह को दखनियों पर विश्वास नही था।
 उपरोक्त वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?
 (A) **(A)** एवं **(R)** दोनों सही है, और **(A), (R)** की सही व्याख्या है।
 (B) **(A)** एवं **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।
 (C) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।
 (D) **(R)** सही है, लेकिन **(A)** गलत है।

**27.** Which of the following foreigners, who visited Vijayanagara, have described Sahgamana (sati) ?

(1) Nicolo Conti

(2) Domingo Paes

(3) Fernao Nuniz

(4) Varthema

***Codes :***

(A) (2) and (4)

(B) (1) and (3)

(C) (1), (2) and (4)

(D) (2) and (3)

**28.** The Portuguese captured Goa from the Sultan of Bijapur in :

(A) 1496 (B) 1510 (C) 1524 (D) 1558

**29.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A)** : Akbar proclaimed Dahsala in the twenty-fourth year of his reign (1579).

**Reason (R)** : He decided to abolish the practice of annual measurement of land.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

***codes :***

(A) Both **(A)** and **(R)** are true, and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true, but **(R)** is false

(D) **(R)** is true, but **(A)** is false

**30.** Which of the following works deal with music ?

(1) Man-kutuhal

(2) Tuhfat-ul Hind

(3) Madhavanala-Kamkandala

(4) Kitab-*i* Nauras

***Codes :***

(A) (1), (2), (3)

(B) (1), (3), (4)

(C) (2), (3), (4)

(D) (1), (2), (4)

27. विजयनगर की यात्रा करने वाले निम्नलिखित विदेशियों में से किसने सहगमन (सती) का विवरण दिया है?
(1) निकालो कोंती
(2) डामिन्गो पायस
(3) फरनाओ न्यूनिज़
(4) वारथेमा
***कोड :***
(A) (2) व (4)
(B) (1) व (3)
(C) (1), (2) व (4)
(D) (2) व (3)

28. बीजापुर के सुल्तान से पुर्तगालियों ने गोवा को किस साल में छीना?
(A) 1496 (B) 1510 (C) 1524 (D) 1558

29. नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं। एक को **कथन (A)** कहा गया है और दूसरे को **कारण (R)** :
**कथन (A) :** अकबर ने अपने शासन के चोबीसवें वर्ष (1579) में दहसाला को लागू किया।
**कारण (R) :** उसने भूमि की सालाना पैमाईश की प्रथा को समाप्त करने का निर्णय लिया।
उपरोक्त वक्तव्यों के संदर्भ में, निम्नलिखित में, से कौन सा सही है?
(A) **(A)** एवं **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।
(B) **(A)** एवं **(R)** दोनों सही है, परन्तु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।
(C) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।
(D) **(R)** सही है, लेकिन **(A)** गलत है।

30. निम्नलिखित ग्रंथों में कौन से ग्रंथ संगीत से सम्बन्धित हैं :
(1) मान कुतूहल
(2) तुहफ़त-उल हिन्द
(3) माधवनाल-कामकण्दला
(4) किताब-ए नवरस
***कोड :***
(A) (1), (2), (3)
(B) (1), (3), (4)
(C) (2), (3), (4)
(D) (1), (2), (4)

31. Match ***List I*** with ***List II*** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List I*** | | ***List II*** |
|---|---|---|---|
| | ***(Monuments)*** | | ***(Builders)*** |
| (a) | Atala Masjid | (i) | Ali Adil Shah |
| (b) | Bara Sona Masjid | (ii) | Ibrahim Shah Sharqi |
| (c) | Gol Gumbaz | (iii) | Nusrat Shah |
| (d) | Charminar | (iv) | Muhammad Quli Qutub Shah |

***Codes :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

32. Which of the following manuscripts were illustrated during Akbar's time ?

(1) The Diwan-i-Amir Hasan Dihilavi

(2) The Raj Kunwar

(3) The Tutinama

(4) The Yoga Vashishta

***Codes :***

(A) (1), (2) and (3)

(B) (3) and (4)

(C) (1) and (2)

(D) (2), (3) and (4)

33. Which of the following was not a Mughul coin ?

(A) Muzaffari (B) Muhar

(C) Anna (D) Do Dami

31. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** **( स्मारक )** | | **सूची-II** **( निर्माता )** |
|---|---|---|---|
| (a) | अटाला मस्जिद | (i) | अली आदिलशाह |
| (b) | बड़ा सोना मस्जिद | (ii) | इब्राहिम शाह शर्की |
| (c) | गोल गुम्बज | (iii) | नुसरत शाह |
| (d) | चारमीनार | (iv) | मुहम्मद कुली कुतुबशाह |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

32. निम्नलिखित पाण्डुलिपियों में से किस की रचना, अकबर के काल में की गई ?

(1) दीवान-ए अमीर हसन देहलवी

(2) राज कुंवर

(3) तूतीनामा

(4) योग वशिष्ट

***कोड :***

(A) (1), (2) व (3)

(B) (3) व (4)

(C) (1) व (2)

(D) (2), (3) व (4)

33. निम्न में से कौन सा सिक्का मुग़लों का नही था ?

(A) मुज़फ्फरी

(B) मोहर

(C) आना

(D) दो-दामी

**34.** Match ***List I*** with ***List II*** and select the correct answer from the codes given below :

| ***List I*** (***Term***) | | ***List II*** (***Meaning***) |
|---|---|---|
| (a) ***Sair-hasil Jagir*** | (i) | Permanent revenue assignment |
| (b) ***Pai baqi*** | (ii) | Measured area figures |
| (c) ***Al-tamgah*** | (iii) | Most paying ***jagir*** |
| (d) ***Arazi*** | (iv) | Land reserved for allotment in ***jagir*** |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**35.** Which of the following is ***not*** correctly matched ?

(A) Treaty of Purandar – 1664 A.D.

(B) Reimposition of Jaziya – 1679 A.D.

(C) Conquest of Golconda – 1686 A.D.

(D) Capture and execution of Shambhaji – 1689 A.D.

**36.** Who founded the Hindu college of Calcutta in 1817 ?

(A) David Hare (B) William Jones

(C) H.T. Princep (D) Henry Vivian Derozio

**37.** Under the 'Guarantee System' the British companies investing in railways were assured a guaranteed dividend of :

(A) 3% (B) 5% (C) 8% (D) 10%

**38.** The Famine commission in 1880 was set up by the Government of India under :

(A) H.T. Princep (B) H.H. Wilson

(C) Sir John Strachey (D) Sir John McPherson

**39.** Maulana Abdul Bari belonged to the :

(A) Aligarh School (B) Deoband Madarsa

(C) Firangi Mahal (D) Nadwat-ul-ulema

34. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से अपने उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** ( **शब्द** ) | | **सूची-II** ( **अर्थ** ) |
|---|---|---|---|
| (a) | सायरहासिल जागीर | (i) | स्थायी राजस्व अनुदान |
| (b) | पायेबाकी | (ii) | मापी हुई भूमि के आंकड़े |
| (c) | अलतमग़ा | (iii) | सर्वाधिक आय वाली जागीर |
| (d) | अराज़ी | (iv) | जागीर में देने के लिए सुरक्षित भूमि |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

35. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित ***नहीं*** है ?

(A) पुरन्दर की संधि - 1664
(B) जज़िया को दोबारा लगाना - 1679
(C) गोलकुण्डा विजय - 1686
(D) शम्भाजी का बंदीकरण एवं वध - 1689

36. हिन्दू कॉलेज की, 1817 में स्थापना कलकत्ता में किसने की ?

(A) डेविड हेयर
(B) विलियम जोन्स
(C) एच.टी. प्रिन्सेप
(D) हेनरी विवियन डेरोज़ियो

37. 'गारन्टी पद्धति' के अधीन जो ब्रिटिश कम्पनियों रेलवे में निवेश करेंगी उन्हें आश्वासित लाभांश का वादा किया था :

(A) 3%
(B) 5%
(C) 8%
(D) 10%

38. 1880 में भारत सरकार ने अकाल आयोग (फेमिन कमीशन) का गठन किसके अधीन किया था :

(A) एच.टी. प्रिन्सेप
(B) एच.एच. विल्सन
(C) सर जॉन स्ट्रैची
(D) सर जॉन मैकफरसन

39. मौलाना अब्दुल बारी का सम्बन्ध रहा :

(A) अलीगढ़ स्कूल
(B) देवबन्द मदरसा
(C) फिरंगी महल
(D) नदवतुल उलेमा

**40.** Who drafted the address presented to Lord Minto in October 1906 at Shimla led by the Aga Khan ?

(A) Aga Khan
(B) Syed Husain Bilgrami
(C) M.A. Jinnah
(D) Mohisun-ul-Mulk

**41.** Ekā movement was started by the :

(A) Peasants of Hardoi and Barabanki etc.,
(B) Revolutionary terrorists in Bengal
(C) Workers in South India
(D) Zamindars of Oudh

**42.** Which aspect of Indian Society have been highlighted by Prem Chand in his novel ***Nirmala*** ?

(A) Class conflict between landlords and peasants
(B) Dowry and marriage of young girl with an old widower
(C) The problem of middle class life and prostitution in society
(D) Racial discrimination by Europeans

Prepp Your Personal Exam Guide

**43.** The first session of All India Kisan Sabha was presided by :

(A) N.G. Ranga
(B) Narendra Dev
(C) Sahjanand Saraswati
(D) Raghva Das

**44.** The Indian National Congress passed a resolution on the Fundamental Rights at its :

(A) Lucknow Session, 1916
(B) Madras Session, 1927
(C) Lahore Session, 1929
(D) Karachi Session, 1931

**40.** आगा खान के नेतृत्व में मांग पत्र किसने लिखा था जो अक्टूबर 1906 में लार्ड मिन्टो को शिमला में प्रस्तुत किया गया ?

(A) आगा ख़ान (B) सैय्यद हुसैन बिल्ग्रामी

(C) एम.ए. जिन्ना (D) मोहिसुनुल मुल्क

**41.** एका आन्दोलन का प्रारम्भ किया था :

(A) हरदोई और बाराबंकी इत्यादि के किसानों ने

(B) बंगाल के क्रान्तिकारी आतंकवादियों ने

(C) दक्षिण भारत के श्रमिकों ने

(D) अवध के ज़मीनदारों ने

**42.** भारतीय समाज के किस पहलू को प्रेमचन्द ने अपने उपन्यास *निर्मला* में रेखांकित किया है :

(A) भूस्वामियों और कृषकों के मध्य वर्ग संघर्ष

(B) एक नवयुवती के वृद्ध विधुर के साथ विवाह और दहेज के बारे में

(C) मध्यवर्ग के जीवन और समाज में व्याप्त वैश्यावृत्ति समस्या के बारे में

(D) यूरोपियनों द्वारा रंग भेद के बारे में

**43.** अखिल भारतीय किसान सभा के प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता किया था :

(A) एन.जी. रंगा (B) नरेन्द्र देव

(C) सहजानन्द सरस्वती (D) राघव दास

**44.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने मूल अधिकारों के बारे में एक प्रस्ताव पास किया अपने :

(A) लखनऊ अधिवेशन, 1916

(B) मद्रास अधिवेशन, 1927

(C) लाहौर अधिवेशन, 1929

(D) करॉची अधिवेशन, 1931

**45.** Match the personalities in the ***List I*** with the cases in ***List II*** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List I*** ***(Personality)*** | | ***List II*** ***(Case)*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Ashfaqullah Khan | (i) | Lahore conspiracy case |
| (b) | Prafulla Chaki | (ii) | Kakori case |
| (c) | Sukhdev | (iii) | Chittagong Armoury case |
| (d) | Ganesh Ghosh | (iv) | Bomb assault in Muzaffarpur in 1908 |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**46.** The theory of 'General Will' was propounded by :

(A) Montesquieu (B) Karl Marx
(C) Rousseau (D) Voltaire

**47.** Who wrote the book entitled 'Imperialism is the Highest Stage of Capitalism' ?

(A) Karl Marx (B) V.I. Lenin
(C) J.V. Stalin (D) Rosa Luxemburg

**48.** Which country could not develop into a nation state in the sixteenth century ?

(A) France (B) Great Britain
(C) Italy (D) Spain

**49.** Apartheid policy was followed by :

(A) Great Britain (B) France
(C) South Africa (D) United States of America

**50.** Renaissance paintings known as the 'Last supper' and 'Mona Lisa' were the famous works of :

(A) Fra Lippo Lippi (B) Leonardo da Vinci
(C) Michel Angelo (D) Raphael

- o O o -

45. ***सूची-I*** में दिए गए व्यक्तियों को ***सूची-II*** में दिए गए षड़यंत्र केस से सुमेलित कर सही उत्तर का नीचे दिए गए कूट से चयन कीजिए :

| | ***सूची-I*** ***(व्यक्तित्व)*** | | ***सूची-II*** ***(केस)*** |
|---|---|---|---|
| (a) | अशफ़ाकउल्ला ख़ान | (i) | लाहौर षड्यन्त्र केस |
| (b) | प्रफुल्ल चाकी | (ii) | काकोरी केस |
| (c) | सुखदेव | (iii) | चिटागाँग आरमरी केस |
| (d) | गणेश घोष | (iv) | 1908 के मुज़फ्फरपुर बम काण्ड |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

46. 'सामान्य इच्छा' के सिद्धान्त को किसने प्रतिपादित किया ?
(A) माँटेस्क्यू (B) कार्ल मार्क्स (C) रूसो (D) वालटेयर

47. 'इम्पीरियलइज़्म इज़ दी. हाईएस्ट स्टेज आफ़ कैपिटलइज्म' नाम का पुस्तक किसने लिखा ?
(A) कार्ल मार्क्स (B) वी.आई. लेनिन
(C) जे.वी. स्टालिन (D) रोज़ा लक्ज़ेमबर्ग

48. कौन देश सोलहवीं शताब्दी में एक राष्ट्र राज्य के रूप में नहीं विकसित हो सका ?
(A) फ्रॉन्स (B) ग्रेट ब्रिटेन (C) इटली (D) स्पेन

49. रंगभेद (अपार थाइड) नीति किसने अपनाया था ?
(A) ग्रेट ब्रिटेन (B) फ्रॉन्स
(C) दक्षिण अफ्रीका (D) संयुक्त राष्ट्र अमेरिका

50. पुर्नजागरण कालीन चित्रों जिन्हे 'लास्ट सपर' और 'मोना लिजा' नाम से जाना जाता है प्रसिद्ध कृतियाँ बनाई थी :
(A) फ्रा लिप्पो लिप्पी (B) लियोनार्डो दा विन्ची
(C) माइकेल एन्जेलो (D) राफायल

- o O o -

Space For Rough Work